राजस्थान सरकार

राजस्थान राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उदयपुर

RSCERT Udaipur

हवामहल

बच्चों का झरोखा

11 नवम्बर 2023: शनिवार: वर्ष – 04: अंक – 30

दीवाली गीत

आज की कविता

सब तरफ उल्लास है। रोशनी है, सजावट है, खुशी है और मिठाई है। सब मिलकर दीवाली का त्योहार मनाने निकले हैं। ऐसे में रिंकी और दीपू कैसे पीछे रहते? वो भी खुश हैं और सबके साथ मिलकर त्योहार की तैयारी कर रहे हैं। सबके साथ त्योहार मनाने से उसका मजा कई गुना बढ़ जाता है। तो आप भी सबके साथ मिलकर दीवाली मनाएं और चित्र पर क्लिक करके सुनें यह दीवाली गीत।

3+ वर्ष के बच्चों के लिए। Infobells

दीवाली की कहानी

आज की कहानी

हनुमान और वानर सेना की मदद से समुद्र पारकर राम ने लंका द्वीप पहुंचकर रावण को मार दिया। सीता और राम अयोध्या वापस आए और सबने उनका स्वागत किया। यह स्वागत कैसा हुआ? क्या है दीवाली की कहानी? पूरी कहानी पढ़ने के लिए चित्र पर क्लिक करें और साथ ही आपको मिलेगी स्वादिष्ट मिठाई और हनुमान मुखौटा बनाने की विधि ।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Mocomikids

तारा ज़मीन पर

आज की किताब

तारे रात में आसमान में टिमटिमाते हुए कितने अच्छे लगते हैं । लेकिन जरा सोचो अगर कोई तारा जमीन पर आ जाए तो क्या होगा? ऐसा ही एक तारा एक दिन धरती पर आ गया। पर रात में कोई था ही नहीं जो उसके साथ खेलता। सुबह उसे मेढक मिला, पेड़ पौधे, पक्षी और जानवर मिले लेकिन किसी ने उसकी तरफ ध्यान ही न दिया। अब तारा क्या करेगा? जानने के लिए चित्र पर क्लिक कर कहनी पढ़ें।



6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Room to Read

दीवाली के दीये

आज की गतिविधि

आपने मिट्टी के दीये और मोम के दीये खूब देखे और जलाये होंगे। एक में तेल जलता है और दूसरे में मोम। एक तरह से ये खर्चीले दीये हैं और एक बार जलने के बाद इन्हें फिर से रीफिल करना पड़ता है। लेकिन इस दीवाली आप कुछ ऐसे सुन्दर दीये बना सकते हैं जिसमें रीफिल की झंझट ही खत्म। ये लंबा चलने वाले हैं। इसे बनाने की विधि देखने के लिए चित्र पर क्लिक करें ।

6+ वर्ष के बच्चों के लिए। Arvindguptatoys

ग्रीन पठाखे

टीचर्स कॉर्नर

बहुत शोध और प्रयोगों के बाद हरित पटाखे या ग्रीन पटाखे बना तो लिए गए हैं लेकिन वह लोगों के बीच उतने लोकप्रिय नहीं हो पाए हैं। पटाखों से पर्यावरण और स्वास्थ्य को होने वाले नुकसान के बारे में सब बात कर रहे हैं लेकिन हरित पटाखों को लेकर उतना उत्साह नहीं दिखता। एक तो इन पटाखों की लागत ज्यादा है और फिर बाजार भी इनके पक्ष में ज्यादा दिखता नहीं । पढ़ते हैं ये आलेख ।

शिक्षकों के लिए। Strot

कहानी और "और एक कहानी"

हमारा पुस्तकालय

मोबाइल फोन और टेबलेट पर अपने पसंद की सामग्री देखना और पढ़ना किस बच्चें को नहीं सुहाता? पर पढ़ना सीखने की यात्रा में कहानियों और किताबों से जुड़ने में मोबाइल की भूमिका कितनी कारगर है? क्या डिजिटल तकनीक एवं ई-पुस्तकों की वजह से प्रिंट पुस्तकों के अस्तित्व पर ही सवाल खड़ा हो जायेगा? ऐसे ही कुछ सवालों के जवाब ढूंढ़ता यह ब्लॉग पढने के लिए चित्र पर क्लिक करें।

शिक्षकों के लिए। Parag

#सबपढ़े

#सबबढ़े

साथियों, हवामहल का 185वाँ अंक आपके हाथों में हैं। खुद जुड़िये और अपने दोस्तों को भी जोडिए। बताइएगा कि यह अंक कैसा लगा?

हवामहल के सभी अंकों को प्राप्त करने के लिये यह QR कोड स्कैन करें।

आज का अंक आपको कैसा लगा? अपने सुझावों से अवगत कराने के लिए सुझाव पेटिका के चित्र पर क्लिक करें।